मूल्य 1 रु.

वर्ष: 11 - अंक : 160, मुंबई, बुधवार, 11 अगस्त, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

स्वतंत्रता दिन पर
विशेष छूट

समोसा	₹ ~~16~~/-	12/-
जलेबी	₹ ~~540~~/-	440/-
मकाई चिवड़ा	₹ ~~360~~/-	300/-
(शुद्ध घी की) बूंदी	₹ ~~400~~/-	300/-

Scheme Valid 14th & 15th Aug 2021

Order Now
+91 98208 99501
MM MITHAIWALA
Malad (W) Tel. : 288 99 501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com

दै. मुंबई हलचल की खबर का असर

आज होगा डेमोलेशन?

दै. मुंबई हलचल/ संवाददाता मुंबई। H/East वार्ड ऑफिसर अलका ससाने के देखरेख में ए/83 कासम दूधवाला तबेला नवपाड़ा बांद्रा पूर्व में हुये 5 मंजिला अवैध निर्माण बिल्डिंग पर आज तोड़क कार्रवाई होने वाली है, लेकिन देखना यह है कि क्या मनपा के दलाल सिर्फ चुम्मा लेकर जाते हैं या फिर अपने काम के फर्ज को निभाते हैं?

(शेष पृष्ठ 3 पर)



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

MDY
Media Pvt Ltd
email:mdypvt@gmail.com
website:www.mdymedia.com

29 MAR 2021

Date: 25/03/2021
Ref. No. 273

To,
The Municipal Commissioner
Mumbai.

Sub: Compliant against in the matter of Illegal construction without permission at A/83, Kasam Dudhwala Tabela, Navpada, Bandra (East), Mumbai-400051.

Sir,

I hereby write you that the builing constructed at A/83, Kasam Dudhwala Tabela, Navpada, Bandra (East), Mumbai-400051 is illegal without permission. The building is of Five Floors and on the land of Tabela. In this matter, Ms. Alka Shashane, Asstt. Engineer Jhakne, H East Ward, Santacruz (E) Mumbai has not taken any step knowingly and intentionally. I write once again and put before you the whole matter for your kind consideration and action, please:

1. The residents without taking permission has constructed the above building on the land of tabela. Enclosed please see the photographs of above mentioned building which is a illegal structure.

2. Ms. Alka Shashane is aware of all the facts. But she has not taken any step to stop the illegal construction and take action against the persons involved in the illegal construction of aforesaid building.

In view of above, I want to state that [illegible] stated herein above is of very serious nature and it needs immediate attention and action at your end to demolish the illegal construction of the aforesaid building.

Thanking you

C.C. TO-
1. The DMC, GAD,
BMC, Fort, Mumbai.
2. Ms. Alka Shashane
H/East Ward,
Santacruz (E)

MR. DILSHAD S. KHAN
(EDITOR)
DAINIK MUMBAI HALCHAL
(President - Patrakar Welfare Association)
(President "Minority" - Gandhi Vichar Manch)

26 MAR 2021
024307

25/3/2021 को दै. मुंबई हलचल द्वारा पत्र लिखकर H/East वार्ड को ए/83 कासम दूधवाला तबेला नवपाड़ा बांद्रा पूर्व पांच मंजिला इमारत में अवैध निर्माण को लेकर जागरूक किया था

यही है तीनों अवैध निर्माण करके बनाई गई बिल्डिंग

H/East वार्ड

①

②

③


अलका ससाने

H/East वार्ड में अवैध निर्माण करने वालों को खुली छूट देकर मनपा को बदनाम करने का काम कर रहीं हैं अलका ससाने

अलका ससाने व उनके अधिकारी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ देते हैं लॉलीपॉप, इनका लॉलीपॉप अवैध निर्माण करने वालों के हौंसलों को करता है बुलंद

देखना है की मनपा के दलाल सिर्फ चुम्मा लेकर जाते हैं या फिर अपने काम के फर्ज को निभाते हैं?



ए/83 बिल्डिंग कासम दूधवाला तबेला नवपाड़ा बांद्रा पूर्व के बगल में 15/मुस्लिम सोसायटी में नई बिल्डिंग का हो रहा है अवैध बांधकाम

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

पिछड़ों के लिए एकजुट

ओबीसी आरक्षण विधेयक पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच एकजुटता गौरतलब है। पिछले दिनों से पार्टियों को परस्पर दो-दो हाथ करते ही देखा जा रहा था, लेकिन भारत में आरक्षण का महत्व इतना ज्यादा हो गया है कि कोई पार्टी इसके विरोध में दिखना कतई पसंद नहीं करेगी। हालांकि, विपक्ष ने इस विधेयक को चर्चा के बाद पारित करने की बात कही है, लेकिन सत्ता पक्ष को शायद विपक्ष पर कम विश्वास है। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा में अपनी पार्टी के सांसदों के लिए तीन लाइन का एक व्हिप जारी किया है। व्हिप में पार्टी सांसदों से 10 और 11 अगस्त को सदन में मौजूद रहने को कहा गया है। भाजपा ने अपने लोकसभा सांसदों से भी सदन में उपस्थित रहने की अपील की है। इससे ओबीसी आरक्षण संबंधी विधेयक के महत्व को समझा जा सकता है। सवाल कई हैं, क्या सदन में चर्चा के बाद भी सहमति बनी रहेगी? क्या इस आरक्षण में किसी अन्य संशोधन की मांग विपक्ष करेगा? क्या ओबीसी आरक्षण पर किसी पार्टी की कोई अलग मंशा सामने आएगी? खैर, इन सवालों का जवाब सदन में ही मिलेगा, लेकिन यह स्पष्ट हो गया है कि पक्ष और विपक्ष के बीच बनी सहमति भी संदेह से परे नहीं है। निचले सदन में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित संविधान (127वां संशोधन) विधेयक, 2021 पेश किया। इस दौरान लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने आगे बढ़कर कहा कि आज सभी विपक्षी दलों ने बैठक की है और निर्णय लिया है कि उक्त विधेयक पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। सदन में हर विधेयक पर चर्चा होना अच्छी बात है। पिछले कुछ वर्षों में हमने अनेक महत्वपूर्ण विधेयकों को भी बिना बहस पारित होते देखा है, जिससे देश को जमीनी स्तर पर परिणाम और विश्वास का नुकसान भी हुआ है। अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण से संबंधित विधेयक का पारित होना जरूरी है। केंद्र सरकार की तारीफ करनी चाहिए कि वह राज्य सरकारों को ओबीसी की सूची बनाने का अधिकार दे रही है। अभी तक यह अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास था, लेकिन विगत वर्षों से राज्यों ने भी अपनी जरूरत के हिसाब से ओबीसी सूची को अंजाम दिया है। अभी 5 मई को ही मराठा आरक्षण से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्य को ओबीसी सूची बनाने का अधिकार नहीं है। अब केंद्र सरकार चाहती, तो इस अधिकार को अपने पास रख सकती थी, पर स्थानीय जरूरतों को देखते हुए अगर केंद्र सरकार ने राज्यों को मजबूत करने की दिशा में एक कदम बढ़ाया है, तो स्वागत है। वैसे आगे की राह आसान नहीं होगी और एक राज्य की देखा-देखी, दूसरे राज्यों में भी आरक्षण की मांग उठेगी। जाति आधारित आरक्षण में अगर एकरूपता नहीं होगी, तो जाति आधारित राजनीति को ही बल मिलेगा। इस संविधान संशोधन से जहां राजनीति का विस्तार होगा, वहीं दबंग जातियों का स्थानीय स्तर पर वर्चस्व भी बढ़ जाएगा। यही वह मोर्चा है, जहां राजनीतिक दलों को सावधान रहना चाहिए। आरक्षण के लिए बार-बार संविधान बदलने से ज्यादा जरूरी है कि पिछड़ी जातियों को पूरी तेजी के साथ आगे लाया जाए, उनके कल्याण के लिए सियासत से ऊपर उठकर तमाम जरूरी कदम उठाए जाएं।

टोक्यो ओलंपिक का क्या सबक है ?



यह भारत का दुर्भाग्य है कि यहां राजनीति में खेला होता है और खेलों में राजनीति होती है। टोक्यो ओलंपिक के बाद भी खेल के नाम पर जो कुछ भी हो रहा है वह राजनीति ही है और तय मानें कि इससे भारत में न तो खेलों की संस्कृति बेहतर होने वाली है और न दीर्घावधि में खेल व खिलाड़ियों की गुणवत्ता में सुधार होना है। जो सचमुच खेलों में रूचि रखते हैं उनको याद होगा कि 2012 के लंदन ओलंपिक में भी भारत के खिलाड़ियों ने जब छह पदक जीते थे तब भी देश में ऐसा ही माहौल था। चारों तरफ खिलाड़ियों की जय जयकार हो रही थी, उनका स्वागत किया जा रहा था कि और उन पर इनामों की बौछार हो रही थी। लेकिन उसके बाद क्या हुआ? उसके चार साल बाद रियो ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ियों की टीम गई और सिर्फ दो पदक जीत कर लौटी। सोचें, लंदन में 83 खिलाड़ियों की टीम ने छह मेडल दिलाए थे और रियो में 117 खिलाड़ियों की टीम सिर्फ दो पदक लेकर लौटी थी। यह याद दिलाने का मकसद किसी किस्म की निराशा का माहौल बनाना नहीं है। पर यह हकीकत बताना है कि भारत में किस तरह नेता, अभिनेता, कारोबारी और खेल संगठन मौके का फायदा उठाते हैं और यूफोरिया खत्म होते ही सब अपने अपने काम में लग जाते हैं। फिर खिलाड़ियों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। उनका और उनके परिवार का संघर्ष चलता रहता है। जिनको विश्व मुकाबलों में या ओलंपिक में पदक मिल जाता है वे हर तरह से सक्षम हो जाते हैं। फिर आमतौर पर यह देखने को मिला है कि अति आत्मविश्वास उनको अपने प्रदर्शन के प्रति लापरवाह बनाता है। उनकी तैयारियां ढीली पड़ती हैं और फिर अगले मुकाबले में उनका प्रदर्शन खराब हो जाता है। तभी आज तक के इतिहास में भारत में सिर्फ दो ही खिलाड़ी ऐसे हुए हैं, जिन्होंने लगातार दो ओलंपिक में अपना प्रदर्शन दोहराया। पहले, पहलवान सुशील कुमार और इस बार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु! इसलिए टोक्यो ओलंपिक से सबको सबक लेना चाहिए। सबसे पहले तीन सबक ये हैं-

पहला, मोमेंट मार्केटिंग यानी मौके का फायदा उठाने पर रोक लगनी चाहिए। अभी भारतीय खिलाड़ी टोक्यो में ऐतिहासिक प्रदर्शन करके लौटे हैं तो सब इस मौके का फायदा उठाने में लगे हैं। हर व्यक्ति मोमेंट मार्केटिंग कर रहा है। जिस तरह से कोई छात्र अपने परिश्रम, अपनी तपस्या और अपनी योग्यता के दम पर यूपीएससी की परीक्षा पास करता है या जेईई मेन्स या नीट की परीक्षा पास करता है तो सारे कोचिंग वाले उसकी फोटो लगा कर उसे बधाई देते हैं और अपना प्रचार करते हैं। उसी तरह ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ हो रहा है। प्रधानमंत्री से लेकर राज्यों के मुख्यमंत्री और फिल्म अभिनेताओं से लेकर कारोबारी जगत तक के लोग इन खिलाड़ियों के सहारे अपने प्रचार में जुटे हैं। टेलीविजन चैनल अपनी टीआरपी के लिए रात-दिन खिलाड़ी के परिजनों को तो छोड़िए पड़ोसियों तक के इंटरव्यू चला रहे हैं। प्रधानमंत्री आज पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से कैमरे लगवा कर स्पीकर फोन पर बात कर रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि ओलंपिक आयोजन के वर्ष में भारत में खेल बजट में दो सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की कटौती की गई। आज देश का कोई उद्योगपति किसी खिलाड़ी के लिए नकद इनाम की घोषणा कर रहा है तो कोई अपनी कंपनी की एसयूवी गाड़ी भेंट कर रहा है। इनसे कोई पूछे कि 2018 में जब सहारा समूह ने भारतीय हॉकी टीम की स्पांसरशिप खत्म की थी तब कोई उद्योगपति क्यों नहीं आगे आया था हॉकी टीम को स्पांसर करने? देश के सारे छोटे-बड़े उद्योगपति आईपीएल के क्रिकेट तमाशे के लिए टीम खरीदने की होड़ में हैं। बोली लगा कर टीमें और खिलाड़ी खरीदे जा रहे हैं लेकिन राष्ट्रीय खेल हॉकी की टीम का स्पांसर कोई नहीं है! ओलंपिक में जिन खेलों के मुकाबले होते हैं उनके खिलाड़ियों पर पैसा लगाने को कोई तैयार नहीं है। खिलाड़ी पदक जीत कर लौटे हैं तो सबको उसके सहारे अपनी मार्केटिंग करनी है। सोचें, उत्तराखंड की सरकार ने मुंबई के अंग्रेजी अखबार में नीरज चोपड़ा को बधाई देने का पूरे पेज का विज्ञापन दिया! इसकी क्या तुक है? मणिपुर की सरकार नीरज चोपड़ा के लिए एक करोड़ के इनाम की घोषणा कर रही है, इसकी भी क्या तुक है? दूसरा, 'विनर्स टेक ऑल' यानी विजेता को ही सब कुछ मिलेगा की सोच बदलनी होगी। दुनिया के शायद किसी देश में ऐसा नहीं होता है, जैसा भारत में हो रहा है। पदक जीत कर लौटे खिलाड़ियों पर इनामों की बौछार हो रही है और पदक जीतने से चूक गए खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन के बावजूद किसी की तवज्जो में नहीं हैं। नीरज चोपड़ा ने भारत को एथलेटिक्स का पहला गोल्ड मेडल दिलाया। उनके गोल्ड जीतने के चार घंटे के अंदर देश में उनके लिए करीब 14 करोड़ रुपए के नकद इनाम की घोषणा कर दी गई। रजत और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए भी करोड़ों रुपए नकद इनाम और सरकारी नौकरियों की घोषणा हुई है। कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों के लिए बड़े इनामों की घोषणा हुई है। लेकिन जो खिलाड़ी पदक जीतने से चूक गए उनके प्रोत्साहन के लिए क्या है? भारतीय गोल्फर अदिति अशोक चौथे स्थान पर रही थीं और बहुत मामूली अंतर से पदक नहीं जीत पाई थीं। एमसी मैरीकॉम मुक्केबाजी के रिंग में नहीं, बल्कि जजों की टेबल पर हारी थीं। तीरंदाज दीपिका कुमारी और उनके पति अतनु दास शानदार प्रदर्शन करके भी पदक नहीं जीत पाए थे। शूटर मनु भाकर की गन ऐन मौके पर धोखा दे गई थी। विनेश फोगाट धाकड़ पहलवान हैं और यह महज संयोग था कि वे पदक नहीं जीत पाईं। लेकिन टोक्यो से लौट कर ये सभी खिलाड़ी कहां गए किसी को पता नहीं है। इनके प्रोत्साहन के लिए किसी ने आगे आकर किसी इनाम की घोषणा नहीं की है। हजारों करोड़ रुपए कमाने वाले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इनाम की घोषणा की तो उसने भी सिर्फ जीते हुए खिलाड़ियों को इनाम देने के लिए चुना।

हर आदमी को न्याय कैसे मिले ?

भारत के सर्वोच्च न्यायाधीश एन.वी. रमन ने आज भारत की न्याय-व्यवस्था के बारे में दो-टूक बात कह दी है। विज्ञान भवन के एक समारोह में उन्होंने कहा कि भारत के पुलिस थानों में गिरफ्तार लोगों के साथ जैसी बदसलूकी की जाती है, वह न्याय नहीं, अन्याय है। वह न्याय का अपमान है। गरीब और अशिक्षित लोगों की कोई मदद नहीं करता। उन्हें कानूनी सहायता मुफ्त मिलनी चाहिए। उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि वे भी हमारी न्याय-व्यवस्था के अंग है। अदालतों तक पहुँचने का खर्च इतना ज्यादा है और मुकदमे इतने लंबे समय तक अधर में लटकते रहते हैं कि करोड़ों गरीब, ग्रामीण, अशिक्षित लोगों के लिए हमारी न्याय-व्यवस्था बिल्कुल बेगानी बन गयी है। आजकल तो डिजिटल डिवाइस चली है, वह भी उक्त लोगों के लिए बेकार है। दूसरे शब्दों में हमारी न्याय और कानून की व्यवस्था सिर्फ अमीरों, शहरियों और शिक्षितों के लिए उपलब्ध है। न्यायमूर्ति रमन ने हमारे लोकतंत्र की दुखती रग पर अपनी उंगली रख दी है लेकिन इस दर्द की दवा कौन करेगा ? हमारी संसद करेगी। हमारी सरकार करेगी। ऐसा नहीं है कि हमारे सांसद और हमारी सरकारें न्याय के नाम पर चल रहे इस अन्याय को समझती नहीं हैं। उन्हें सब पता है। लेकिन वे स्वयं इसके भुक्तभोगी नहीं हैं। वे जैसे ही सत्ता में आते हैं, उन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध होने लगती हैं। वे पहले से ही विशेषाधिकार संपन्न होते हैं। यदि उनके दिल में परपीड़ा होती तो अंग्रेजों के द्वारा बनाए-गए इस सड़े-गले कानून तंत्र को अब तक वह उखाड़ फेंकते। वर्तमान सरकार ने ऐसे कई कानूनों को रद्द करने का साहस जरुर दिखाया है लेकिन पिछले 75 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जो संपूर्ण कानून और न्याय-व्यवस्था पर पुनर्विचार करती। यह तो संतोष और थोड़े गर्व का भी विषय है कि इस घिसी-पिटी व्यवस्था के बावजूद हमारे कई न्यायाधीशों ने सच्चे न्याय के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। न्याय-व्यवस्था को सुधारने के लिए कुछ पहल एकदम जरुरी हैं। सबसे पहले तो सभी कानून मूलतः हिंदी में लिखे जाएं। अंग्रेजी का पूर्ण बहिष्कार हो। बहस और फैसलों में भी! ये दोनों वादी और प्रतिवादी की भाषा में हो। वकीलों की लूट-पाट पर नियंत्रण हो। गरीबों को मुफ्त न्याय मिले। हर मुकदमे पर फैसले की समय-सीमा तय हो। मुकदमे अनंत काल तक लटके न रहें। अंग्रेजों के जमाने में बने कई असंगत कानूनों को रद्द किया जाए। न्यायाधीशों को सेवा-निवृत्ति के बाद किसी भी लाभ के पद पर न रखा जाए ताकि उनके निर्णय सदा निष्पक्षता और निर्भयतापूर्ण हों। न्यायपालिका को सरकार और संसद के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नियंत्रणों से मुक्त रखा जाए।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

महाराष्ट्र में 17 अगस्त से स्कूलों में और कक्षाओं की पढ़ाई शुरू होगी

संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार स्कूलों में 17 अगस्त से और कक्षाओं की पढ़ाई शुरू कर सकती है, बशर्ते कि इलाके में कोविड-19 संक्रमण दर कम हो। राज्य सरकार की ओर से मंगलवार को जारी एक आदेश में इसकी जानकारी दी गयी है। पिछले सप्ताह और कक्षाओं को खोलने के निर्णय की घोषणा की गयी थी। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पांचवीं से सातवीं के लिये कक्षा आयोजित करने की अनुमति दी गयी है। बयान में कहा गया है कि आठवीं से 12 वीं के लिये कक्षा का आयोजन अधिकतर ग्रामीण इलाकों में पहले से ही हो रहा है। इसमें कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में आठवीं से 12 वीं की कक्षाएं शुरू हो सकती हैं।

In Projects by
JSB SHELTERS LLP
Your Dreams, Our Focus
NAKSHATRA
Aarambh
LIMITED PERIOD OFFERS
FREE
Offer Till 30th August 2021
(ON THE SPOT BOOKING OFFER)
TV FRIDGE WASHING MACHINE
ANY ONE OF THE THREE ITEMS GIFT FOR YOU
IN ASSOCIATION WITH HI-TECH PROPERTIES
NAIGAON (EAST)
1 BHK 30.15 LAKH* WITH MASTER BEDROOM / 2 BHK 41.40 LAKH* WITH MASTER BEDROOM
FOR BOOKING : SAGAR GUPTA - +91 9702152144 / +91 9987073144
ARIF KHAN - +91 8080101944

पत्नी को मनाने का खतरनाक प्लान

घर छोड़कर गई बीवी को बुलाने के लिए पति ने बेटे को कफन पहनाया, बेटी के गले में फंदा डालकर फोटो पत्नी को भेजे

मुंबई। गुस्से में गांव गई पत्नी को वापस बुलाने के लिए पति ने बच्चों की मौत की झूठी कहानी गढ़ दी। पत्नी को यकीन हो जाए, इसके लिए बेटे को कफन पहनाया। बेटी के गले में फंदा डाल दिया। इसके बाद दोनों के फोटो लेकर पत्नी को भेज दिए। आरोपी दूसरी बार अपनी बेटी के गले में फंदा डालकर लटका रहा था कि तभी डरकर वह चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंच गए और बच्चों को बचाया। पड़ोसियों ने मामले की जानकारी कुरार पुलिस स्टेशन में दी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। 33 साल के आरोपी सुचित गौड़ के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। सीनियर इंस्पेक्टर प्रकाश बेले ने बताया कि आरोपी ने पत्नी को बुलाने के लिए बेटे और बेटी की मौत की झूठी कहानी रची थी। बेटा तो उसके कहने में आ गया और बिना कुछ कहे कफन लपेटकर सो गया, लेकिन बेटी के गले में उसने जैसे ही फंदा डाला तो उसने शोर मचा दिया। बेटी की उम्र 13 साल है। बेटा 8 साल का है। यह घटना शनिवार की है।

नशे में बच्चों को पीटता था आरोपी: प्रकाश बेले के मुताबिक, सुचित गौड़ नशे का आदी है। नशा करने के बाद वह पत्नी और बच्चों को पीटता था। 2 साल पहले पत्नी बच्चों को लेकर अपने गांव चली गई थी। कुछ दिन पहले सुचित गांव गया और बेटे-बेटी को अपने साथ मुंबई ले आया। पड़ोसियों ने भी बताया कि आरोपी नशे में बच्चों को मारता-पीटता था। घटना के वक्त वह बेटी के गले में फंदा डालकर उसके पैरों के नीचे से बाल्टी हटा रहा था। इसी के बाद बेटी चिल्लाने लगी। आरोप है कि गले में फंदा डालकर सुचित पंखा चलाना चाह रहा था।

कोर्ट ने 3 दिन की कस्टडी में भेजा: पड़ोसियों के सूचना देने के बाद पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो सुचित भागने की फिराक में था। पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया। वह तब भी नशे की हालत में था। उसे रविवार को हॉलिडे कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उसे 3 दिन की कस्टडी में भेज दिया है।

लाखों रुपये की 'कोरेक्स सिरप' की बोतलें जब्त, दो लोग गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई के उपनगरीय गोवंडी में चार लाख रुपये मूल्य की 'कोरेक्स सिरप' की बोतलें तथा कुछ दवाइयां बरामद कर दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शिवाजी नगर पुलिस ने असगर कुरैशी उर्फ बिल्ला (24) और इश्तियाक कबीर खान (40) को रफीक नगर से तड़के गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पुलिस को आरोपियों के पास से कुछ गोलियां और 'कोरेक्स सिरप' की 380 बोतलें बरामद हुई हैं। अधिकारी ने बताया कि स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

गुस्सैल मां ने 2 साल की बेटी को पीट-पीट कर मार डाला

विरार। विरार पूर्व के फुलपाड़ा परिसर से चौंकाने वाली घटना सामने आई है। परिजात इमारत में रहने वाले नागरिकों से मिली सूचना के मुताबिक रूम नंबर 104 में रहने वाली 22 साल की नेहा सोनू कुमार सोनी ने अपनी 2 साल की मासूम बच्ची को गुस्से में इस कदर पीटा कि उसकी मौत हो गई। विरार पुलिस ने महिला के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल घटना शनिवार दोपहर की है जब नेहा सोनी ने किसी बात से नाराज होकर अपनी दो साल की बच्ची की बेरहमी से पिटाई की, कि वो बेसुध हो गई। जब बच्ची के पिता ऑटो चला कर घर आए तब नेहा ने उसे बच्ची के बीमार होने की जानकारी दी। जिसके बाद बदहवास पिता बच्ची को लेकर अस्पताल गए मगर जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे को मृत घोषित कर दिया।

(पृष्ठ 1 का शेष)

दै. मुंबई हलचल की खबर का असर

बता दें कि अलका ससाने के देखरेख में अवैध निर्माण करने वालों को कानून का कोई डर नहीं है, अवैध निर्माण करने वाले बना रहे हैं मुंबई मनपा का मजाक और मनपा अधिकारी दिखावे की कार्रवाई कर अवैध निर्माण करने वालों का कर रहे हैं समर्थन। H/East वार्ड के अंतर्गत कई अवैध निर्माण जोरों शोरों से पनप रहे हैं जो मनपा के ऊपर बहुत बड़ा दाग है। बांद्रा पूर्व में अवैध निर्माण होते हैं अवैध निर्माणों से हादसे होते हैं क्षमता से अधिक लोड़ होने के कारण अवैध निर्माण गिर जाते हैं, बेकसूर की जान चली जाती है और मनपा अधिकारी सिर्फ तमाशा देखते हैं कोई कार्रवाई नहीं कर पाते। इन सभी बातों को समझा जाए तो साबित होता है कि मनपा अधिकारी कहीं ना कहीं अवैध निर्माण करने वालों के साथ सांठगांठ में बंधे हुए हैं। बांद्रा पूर्व में ए/83 कासम दूधवाला तबेला नवपाड़ा बांद्रा पूर्व में 5 मंजिला अवैध निर्माण बिल्डिंग का काम जोरों शोरों में H/East वार्ड के अंतर्गत अलका ससाने के देखरेख में हुआ। इससे पहले भी दिखावे की कार्रवाई करते हुए कलम 351, 354, 349, 377, 347 ए,बी,सी लॉलीपॉप दिखाते हुए की गई। अलका ससाने व उनके अधिकारी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ लॉलीपॉप देते हैं। इनका लॉलीपॉप अवैध निर्माण करने वालों की ताकत बनता है। **दैनिक मुंबई हलचल सच्चाई आम जनता के सामने रखना चाहता है अलका ससाने जैसे अधिकारी मनपा को खून व बदनामी के दाग देकर अपनी छवि अच्छी कैसे बना सकते हैं।** अवैध निर्माण करने वालों के साथ साथ अलका ससाने जैसी अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जो अवैध निर्माण को खुली छूट देकर मनपा व सरकार दोनों का नाम खराब कर रहे हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज गौरव अवॉर्ड बेस्ट युवा आइकॉन 2021 से समाजसेवक गौरव अनिल शाह को किया गया सम्मानित

मुंबई। दादा साहेब फाल्के आइकॉन अवॉर्ड फिल्म्स के संस्थापक कल्याणजी जाना और उनकी पूरी DPIAF की टीम द्वारा समाज सेवक गौरव अनिल शाह जी कौ छत्रपति शिवाजी महाराज गौरव अवार्ड बेस्ट युवा आइकन २०२१ से सम्मानित किया गया और यह अवार्ड शॉ मै कही सारे फिल्म इंडस्ट्री के कलाकार, टीवी सिनेमा के कलाकार, राजनीति से जुड़े हुए लोग और बाहर से आए हुए खासदार, आमदार और नगरसेवक मौजूद थे। साल २०१७ में गौरव शाह जी उनके स्वर्गवासी पिताजी अनिल एम शाह फाउंडेशन की स्थापना की, तभी से लगातार समाज के लिए शिक्षा, हेल्थ, पर्यावरण, और राशन इन सभी क्षेत्रों मे काम करते आ रहे है और उनके यही काम की वजह से कही सारे खिताब सम्मान मिल चुका है। साथ ही मे वह भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ युवा मोर्चा अध्यक्ष पद से भी जुड़े हुए है और डीपीआईएएफ के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष भी है, महाराष्ट्र प्रदेश हिंदू जागरण सभा के भी अध्यक्ष है।

बीएमसी की नई डेडलाइन, नवंबर तक होगा टीकाकरण

मुंबई। फिलहाल, मुंबई में रोजाना 50 हजार से एक लाख के बीच लोगों का टीकाकरण हो रहा है। इस रफ्तार को देखते हुए बीएमसी ने टीकाकरण की नई डेडलाइन तय की है। इसके तहत, नवंबर के अंत तक पूरी मुंबई का टीकाकरण करने का लक्ष्य है। कोरोना की दोनों लहर से जंग लड़ चुकी बीएमसी के सामने अब संभावित तीसरी लहर से निपटने की चुनौती है। इस लहर को मात देने के लिए बीएमसी टीकाकरण पर जोर दे रही है। सभी पात्र लाभार्थियों को कोरोना के दोनों टीके मिलें, इसके लिए बीएमसी हरसंभव प्रयास कर रही है। टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए बीएमसी निजी कंपनियों और स्वयंसेवी संस्थाओं का सहारा ले रही है। बीएमसी के मुताबिक, अब तक 56 लाख से अधिक लोगों को कोरोना का पहला टीका लग चुका है। टीकाकरण के लिए पात्र लाभार्थियों की संख्या करीब 1 करोड़ है। इसका आकलन करें, तो अब तक 56 फीसद लोगों को पहला डोज मिल चुका है। मुंबईकरों के लिए सोमवार को राहतभरी खबर आई है। जुलाई की तरह अगस्त में भी कोरोना के नए मामले कम मिल रहे हैं। सोमवार को 477 दिन बाद कोरोना के सबसे कम नए मरीज मिले हैं। बीएमसी स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, 208 नए मरीज मिले हैं, और 3 लोगों की मौत हुई है। बता दें कि कोरोना की दूसरी लहर शुरू होने के बाद जुलाई से मुंबई और राज्य में कम मामले मिलने का सिलसिला शुरू हुआ। बीते माह में ही दो बार 15 महीने बाद कोरोना के सबसे कम मामले मिल चुके हैं। यह सिलसिला अगस्त में भी जारी रहा। 18 अप्रैल 2020 को 183 मरीज मिले थे। इसके अलावा, पिछले 7 महीने में जुलाई में ही सबसे कम मरीज मिल चुके हैं। जुलाई में कोरोना के सिर्फ 12 हजार मरीज मिले थे। हालांकि अगस्त में भी शुरूआत से ही रोजाना नए मामले सबसे कम मिल रहे हैं। इसके अलावा, सोमवार को राज्य में 4,505 मरीज मिले और 68 लोगों की मौत हुई है। इसके पहले 5 जुलाई को राज्य में सबसे कम मौतें दर्ज हुई थीं। 5 जुलाई को राज्य में 51 लोगों की मौत हुई थी।

मुंबई: बलात्कार के आरोप में स्वयंभू बाबा गिरफ्तार

मुंबई। यहां पश्चिमी उपनगर कांदिवली में अपनी पारिवारिक समस्याओं के लिए मदद मांगने गई एक महिला से कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में एक स्वयंभू बाबा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि 37 वर्षीय पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को 45 वर्षीय प्रणव शुक्ला उर्फ प्रणवानंद महाराज को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने कहा कि आरोपी बाबा ने कांदिवली के रघुलीला मॉल स्थित अपने कार्यालय में महिला से कथित तौर पर बलात्कार किया और वसई तथा पड़ोसी ठाणे जिले में कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया। उन्होंने कहा कि शुक्ला ने अनुष्ठान करने के लिए महिला से कुछ पैसे भी लिए और जब उसने उसकी समस्याओं का समाधान नहीं किया तो उसकी अनदेखी करनी शुरू कर दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच जारी है।

स्वतंत्रता दिवस से पहले पाकिस्तानी आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम

पुंछ में हथियार व गोला-बारूद, पंजाब में ड्रोन से गिराए टिफिन बम किए बरामद

पुंछ में सेना, एसओजी पुंछ और बीएसएफ ने आतंकी ठिकाना ध्वस्त कर बड़ी आतंकवादी साजिश को टाल दिया है, आतंकी ठिकाने से भारी मात्रा में हथियार व गोलाबारूद बरामद हुआ है, उधर पंजाब के अमृतसर में हैंड ग्रेनेड और टिफिन बॉक्स और आईईडी बम सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है

संवाददाता / श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना, एसओजी पुंछ और बीएसएफ ने आतंकी ठिकाना ध्वस्त कर बड़ी आतंकवादी साजिश को टाल दिया है। इस आतंकी ठिकाने से भारी मात्रा में हथियार व गोलाबारूद बरामद हुआ है। स्वतंत्रता दिवस से पहले इस आतंकी ठिकाने का पता लगना और साजिश को नाकाम करना सुरक्षाबलों के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। बता दें कि विशिष्ट इनपुट पर पुंछ में वन क्षेत्र में सेना, एसओजी पुंछ और बीएसएफ का एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। तलाशी अभियान के दौरान आतंकी ठिकाना मिला, जहां से हथियार व गोला बारूद बरामद किया गया है। इसमें दो एके-47, एके-47 की दो मैगजीन, एके-47 के 257 कारतूस, चीन निर्मित एक पिस्टल, पिस्टल की दस मैगजीन व 68 कारतूस, चार ग्रेनेड, डेटोनेटर, दो मोबाइल, बारह मोबाइल चार्जर और दो बैट्री शामिल हैं।

आतंकियों ने भाजपा नेता और उनकी पत्नी की हत्या की



जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकियों ने सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा के नेता और उनकी पत्नी की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकियों ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में कुलगाम जिले के भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष गुलाम रसूल डार और उनकी पत्नी को गोली मार दी। उन्होंने कहा कि दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। कुलगाम के रेडवानी निवासी डार सरपंच भी थे। उन्होंने पिछले साल जिला विकास परिषद का चुनाव भी लड़ा था हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा। डार फिलहाल अनंतनाग में किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस के अनुसार लाल चौक अनंतनाग में रेडवानी कुलगाम के सरपंच गुलाम रसूल डार के किराए के मकान में बंदूकधारी घुस आए और अंधाधुंध फायरिंग की। फायरिंग में डार और उनकी पत्नी को गोली लगी थी। हमले के पीछे लश्कर-ए-तैयबा का हाथ बताया जा रहा है।

हिज्बुल मुजाहिदीन के दो आतंकवादी गिरफ्तार

किश्तवाड़ जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों ने हिज्बुल मुजाहिदीन के दो आतंकियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। दोनों ने हाल ही में आतंकवाद का रास्ता चुना था। इनकी पहचान यासिर हुसैन निवासी सोंदर दछन और उस्मान निवासी तांडर दछन के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस सफल ऑपरेशन को सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया है। बता दें कि ये दोनों आतंकी 5 अगस्त को लापता हो गए थे।

पाकिस्तान से भेजा गया था पंजाब में हथियारों का जखीरा

नई दिल्ली। पंजाब पुलिस ने अमृतसर में एक आतंकी साजिश का पर्दाफाश किया है। रुरल एरिया से हैंड ग्रेनेड और टिफिन बॉक्स और आईईडी बम सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पंजाब के अमृतसर में पाकिस्तान ने ड्रोन के जरिए हथियारों का जखीरा भेजा था। सुरक्षा बलों ने स्वतंत्रता दिवस से पहले एक बड़े आतंकी कोशिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने कहा कि एक टिफिन बॉक्स के अंदर दो से तीन किलोग्राम इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस फिट किया गया था। पुलिस ने यह टिफिन बम अमृतसर जिले के लोपोके गांव में बरामद की है। पंजाब के डीजीपी दिनकर गुप्ता ने सोमवार को कहा है कि अमृतसर के ग्रामीण इलाके में रविवार बरामदगी की गई जिसमें 5 ग्रेनेड, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), फिटेड टिफिन बॉक्स और 9 एमएम पिस्टल के 100 राउंड शामिल हैं। हमारे आकलन के अनुसार इन बमों को सीमा पार से ड्रोन के जरिए पहुंचाया गया था।

हमारी सेवाएं
मोटापा घटाएं (Weight Loss / Fat Loss / Inch Loss)
रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं (Improve Immunity)
एनर्जी बढ़ाएं दिन भर उर्जावान रहें
बच्चों का सही पोषण
स्किन केयर
पेट की समस्या हेतु
जोड़ों के दर्द में राहत
ब्रेन हेल्थ एवं हृदय स्वास्थ्य
वजन बढ़ाएं (Weight Gain & Muscle Gain)
Sports & Gym Nutrition
This is an online event, Zoom Link will be given after confirmation

घर बैठे मोटापा घटाए
सुन्दर एवं आकर्षक दिखे
अपनी एनर्जी एवम् इम्यूनिटी बढ़ाए
Weight Loss
Fat Loss
Inch Loss

Contact : Manisha
9594060999
HEALTHY & HAPPY VIRTUAL CLUB

HAPPY TO HELP
क्या आप जानते हैं कि आपके शरीर को पूरे दिन भर में
- कितना ग्राम प्रोटीन चाहिए ?
- कितना ग्राम फाइबर चाहिए ?
- कितना कैल्शियम एवं आयरन चाहिए ?
- कितने विटामिन्स चाहिए ?
- उपरोक्त सभी न्यूट्रिशन कौन सा खाना खाने से मिलेंगे ?
- उपरोक्त न्यूट्रिशन की शरीर में कमी से क्या हानियाँ होती हैं ?
- दिन भर में कितना पानी किस समय पर पीना चाहिए ?
- एक्सरसाईज कौन सी एवं कैसे करनी चाहिए ?
- तनाव प्रबंधन कैसे करें ?
- सोने का एवं उठने का सही समय ?
- आपका विसरल फैट एवं मसल्स कितना है ?
- आपका बीएमआई एवं मैटाबॉलिज्म कितना है ?

उपरोक्त सभी प्रश्नों के सही जवाब एवं विस्तृत जानकारी हेतु जूम लिंक के लिए संपर्क करें एव घर बैठे सभी जानकारी प्राप्त करें।

20 अगस्त को होगा कुंद्रा की जमानत पर फैसला: तब तक जेल में ही रहना होगा

मुंबई। पोर्नोग्राफी केस में जेल में बंद राज कुंद्रा की जमानत याचिका पर मुंबई की सेशंस कोर्ट अब 20 अगस्त को अपना फैसला सुनाएगी। तब तक उन्हें जेल में ही रहना होगा। राज कुंद्रा को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया था। उन्हें पहले 27 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर रखा गया, जबकि किला कोर्ट (एस्प्लेनेड कोर्ट) ने बाद में उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राज कुंद्रा के साथ ही उनके आईटी हेड रायन थॉर्प की जमानत याचिका पर भी मंगलवार को सुनवाई थी। रायन की जमानत याचिका पर भी 20 को ही फैसला आएगा। अदालत में मंगलवार को मुंबई पुलिस की ओर से कुंद्रा से हुई पूछताछ का ब्यौरा पेश किया गया है। इसी जवाब के आधार पर अदालत अपना फैसला तय करेगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, क्राइम ब्रांच के वकील कुंद्रा की जमानत का विरोध किया है। पुलिस में कुंद्रा के खिलाफ एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा के बयान को भी आधार बनाया है। इससे पहले 28 जुलाई को किला कोर्ट ने राज कुंद्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

fresh & easy
GENERAL STORE
ALL TYPES OF SAUDI DATES AVAILABLE
SPECIALIST IN :
DRY FRUITS
& MANY MORE ITEMS AVAILABLE HERE
Fast & Free DELIVERY
ADDRESS ☎ + 91 8652068644 / + 91 7900061017
Shop No. 18, Parabha Apartment, Sejal Park, Beside Oshiwara
Bus Depot, Link Road, Goregaon (W), Mumbai-400104

बुलढाणा हलचल

धामनगाव बढ़े में मस्जिद परिचय सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न, जमिअत उलमाए हिन्द व जमाते इस्लामी हिन्द की संयुक्त पहल

संवाददाता/अशफाक युसुफ

धामनगाव बढ़े। धामनगाव बढ़े की जामा मस्जिद में मस्जिद परिचय का कार्यक्रम हाल ही में संपन्न हुवा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ़्ती रौशन ने की। इस कार्यक्रम में गांव के राजनितिक दल के पदाधिकारी, पुलिस, सामाजिक आदि मान्य उपस्थित थें। बता दें कि, मस्जिद परिचय कार्यक्रम का प्रास्ताविक भाषण मुफ़्ती जुनेद ने किया। इस सम कार्यक्रम में मौजुद लोगों को अजान, नमाज, कुरआन, रोजा, हज, पैगंबर साहब का इतिहास, आदि की परिपुर्ण जानकारी दी गई। जमीयत उलमाए हिन्द और जमाते इस्लामी हिन्द की पहल से मस्जिद परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। हिन्दू भाइयो को मस्जिद का परिचय दिया जाए जिस से दूरियां कम होगी और लोगो का मुसिलम समुदाय को देखने का नजरिया बदलेंगा। इसी उद्देश्य के चलते मस्जिद परिचय कार्यक्रम का आयोजन जगह जगह किया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजयराज शिंदे, धामनगाव बढ़े के थानेदार चन्द्रकांत ममताबादे,रवि मोदे, बिस्मिलहा कुरैशी, अधि. गणेश सिंग राजपूत, रामदास चौथनकर, रावसाहेब देशमुख, पुर्व सभापति गवई।

आत्मदाह की चेतावनी के बाद नगर पालिका ने जारी किया पत्र

संवाददाता/अशफाक युसुफ

बुलडाणा। जोहर नगर में सोफा मस्जिद के सामने की सड़कें, जो पिछले कई सालों से अटकी पड़ी हैं। ईस रास्ते निर्माण कार्य अविलंब कराने के लिए स्वाभिमान के अल्पसंख्यक विभाग के शे. रफिक ईन्होने 10 दिन पहेले नगर पालिका को निवेदन देकर आत्मदहन करने का ईशारा दिया था। ईसी मांग को लेकर दस दिन बाद ईलाके मे शे. रफीक ने आत्मदाह का रुख करते ही सडक निर्माण कार्य का नगर पालिका ने सडक निर्माण कार्य का पणत्र जाहीर कर दिया। इस बीच, शेख रफीक को पुलिस ने गिरफ्तार कर बाद मे छोड़ दिया गया। स्पष्ट हो कि शहर के जोहर नगर में सुफा मस्जिद के सामने सड़क स्वीकृत हो गई है लेकिन सड़क का काम आज तक नहीं हो सका है। इस सड़क पर लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। ऐसे में दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। सेहत के लिहाज से भी यह हानिकारक हो गया है। बारिश का मौसम चल रहा है और सड़क मे गढे और किचड से से नारिकों को परेशानी होरही है। सड़क के किनारे सुफा मस्जिद है। इसलिए अधिकांश नागरिक नमाज अदा करने के लिए आते हैं। इसलिए सड़क का काम करना जरूरी है। इस सड़क के काम को लेकर ज़िला कलेक्टर कार्यालय और नगर प्रशासन को बार-बार निवेदनन दिए जा चुके हैं। लेकिन आज तक इस सड़क का काम नहीं हो सका है। इसलिए नागरिकों के स्वास्थ्य को देखते हुए और सड़क पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए आत्मदाह नृत्य करने की चेतावनी दी गई थी कि इस सड़क का काम तुरंत शुरू किया जाए। इस पर नगर पालिका ने लिखित पत्र देते हुए कहा कि प्रस्ताव को बैठक में पेश कर स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू किया जाएगा।

रामपुर हलचल

ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर नहीं लग पा रही हैं रोक

संवाददाता/नदीम अख्तर

टाण्डा रामपुर। ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर नहीं लग पा रही हैं रोक यातायात नियमों की खुलैतौर पर उड़ाई जा रही हैं धज्जियां, अनेको प्रकार के हार्न बचाने में युवक पूर्ण रूप से हो रहे हैं मस्त, दोपहिया वाहनों पर चार चार युवक करते हैं सफर गम्भीर हादसा होने का जरा भी नहीं रहता है डर एवं खौफ अपने मनचले अन्दाज में चलाते हैं वाहन ओवर टेक के चलते होती रहती हैं दुघर्टनाऐं बड़े बड़े साइलेंसरो का किया जाता है प्रयोग यातायात नियमों का पालन न करते हुए वाहन स्वामी अपने अनेको प्रकार से गाड़ियां चलाने तथा छोटे वाहन पर चार चार सवारियां बैठाकर अपने मनचले अन्दाज में सफर का आनन्द लिया जाता हैं साथ ही हार्न का भी वाहनों में लगे बड़े बड़े साइलेंसरो का प्रयोग कर ध्वनि प्रदूषण को खुलैतौर पर बढ़ावा दिया जाता हैं साथ ही सरकार के दिशा निर्देशों का पालन न करते हुए बिना हेल्मेट के गाड़ियां चलाये जाने का संचालन किया जाता है वाहन के अनिययंत्रित होने पर अक्सर ऐक्सीडेंट की दुर्घटना घटित होकर रह जाती हैं तब ऐसी स्थिति के चलते गम्भीर चोंटे आने पर मौके पर ही मौत हो जाती है कुछ इलाज के दौरान दम तोड़ देते हैं ऐसे मनचलों पर गम्भीर हादसा होने का जरा भी डर नहीं रहता वाहनों को ओवरटेक के अन्दाज में भी चलाया जाता है साथ ही आवश्यकता न पड़ने पर तेज आवाज होने का लगातार प्रयोग किया जाता है जिससे ध्वनि प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा हैं यातायात नियमों के अनुसार पुलिस सख्ती करने में अनभिज्ञ होती नजर आ रही हैं दुर्घटनाओं का होना लगातार जारी है जिसपर अंकुश लग पाना कठिन कार्य साबित हो पा रहा हैं सख्ती के चलते ही यातायात नियमों का पालन किया जा सकता है बड़े बड़े वाहनो पर भी तेज ध्वनि हार्न का प्रयोग किया जाता है अचानक उसके प्रयोग किये जाने पर दिल दिमाग एवं कानों पर बुरी तरह ध्वनि प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न होकर रह जाती हैं जिसपर नियंत्रण किया जाना कठिन कार्य साबित हो पा रहा हैं उच्च अधिकारी अपनी आँखें बन्द किये बैठे हुए हैं।

दिन में 20 बार हाथ धुलवाती थी कंपनी, देने पड़े 44 लाख रुपये

संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन

लंदन। कोरोना काल में बार-बार हाथ धोने के लिए प्रेरित किया जा रहा है लेकिन एक बेकरी को अपने कर्मचारी को बार-बार हाथ धोने के लिए मजबूर करने के एवज में मुआवजा देना पड़ा। सुसान रॉबिन्सन नाम के कर्मचारी का आरोप है कि कार्य करने के दौरान 20 बार तक हाथ धोने के लिए मजबूर किया गया जिसकी वजह से उसे स्किन संबंधी बीमारी हो गई। इसके बाद उसने कंपनी पर दावा ठोंक दिया फलस्वरूप कंपनी को उसे 43,81,495 रुपये का मुआवजा देना पड़ा। 59 वर्षीय सुसान रॉबिन्सन वेस्ट यॉर्कशायर के वेकफील्ड में एक फैक्ट्री स्पीडीबेक में काम करता था। ये कंपनी बड़ी सुपरमार्केट चेन के लिए मफिन, कपकेक और अन्य बेक किए गए सामान बनाती है। क्रिसमस के लिए सैकड़ों-हजारों फ्रोजन कीमा पाई का उत्पादन किया जाता हैं। Mirror ने SWNS समाचार एजेंसी के हवाले से छापा है कि इसी ऑर्डर के दौरान छह महीने के अंदर रॉबिन्सन को दिन में 17 बार हाथ धोने के लिए कहा गया। परिणामस्वरूप उसके हाथ लाल हो गए और खुजली होने लगी। पोंटेफ्रैक्ट अस्पताल में जब टेस्ट कराया गया तो पता चला कि स्किन के रासायनिक संपर्क में आने के कारण एक प्रकार का एक्जिमा हो गया। उसने कंपनी को हाथों की सुरक्षा के लिए कई सुझाव दिए लेकिन, जिनमें बैरियर क्रीम और पतले दस्ताने शामिल थे लेकिन बेक्ड फूड के खराब होने के डर से कंपनी ने एक न सुनी। कंपनी ने जब रॉबिन्सन की सभी बात अनसुनी कर दीं तो हताशा में, उसने अपने संघ, बेकर्स फूड एंड एलाइड वर्कर्स यूनियन, साथ ही थॉम्पसन सॉलिसिटर का रुख किया। दोनों संगठनों ने उसे मुआवजे में 50,000 यूरो यानी 43,81,495 रुपये दिलाने में मदद की। पिछले साल फरवरी में वेकफील्ड में स्पीडीबेक फैक्ट्री को आग के कारण बंद कर दिया। ज्यादातर कर्मचारियों को स्पीडीबेक के ब्रैडफोर्ड कारखाने में स्थानांतरित कर दिया गया था, लेकिन रॉबिन्सन को काम नहीं दिया गया। जबकि उसे उम्मीद थी कि उसे ब्रैडफोर्ड ब्रांच में एक पोस्ट मिलेगी। क्यूकिं उसने कंपनी पर दावा कर रखा था इसलिए उसे काम नहीं दिया गया। स्पीडीबेक की तरफ से कहा गया, खाद्य उत्पादकों के रूप में हमारे पास सख्त स्वच्छता मानक हैं जिन्हें हमें बनाए रखना है। इसी में हाथ धुलने वाले नियम भी शामिल हैं। हालांकि सुसान रॉबिन्सन का मामला अपवाद है। फरवरी 2020 में वेकफील्ड को आग ने तबाह कर दिया। इसके बाद हम कर्मचारियों की बेहद सीमित संख्या में ही काम कर रहे हैं।

लखनऊ हलचल

आप सांसद संजय सिंह का दावा जल जीवन मिशन में महाघोटाला, राज्यमंत्री महेंद्र सिंह को पहुंचाई जा रही 2 करोड़ की रिश्वत

संवाददाता/अरमान उलहक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों से पहले आरोप प्रत्यारोपों का दौर शुरू हो गया है। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बड़ा अरोप लगाया है। उन्होंने जल जीवन मिशन में हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का दावा किया है। इस मामले में जल शक्ति राज्यमन्त्री महेंद्र सिंह की सफाई पर उन्होंने कहा कि माननीय के जवाब सुनकर ऐसा लगा जैसे वो मंत्री नहीं, एक भ्रष्ट कंपनी रश्मि मेटालिक्स के कर्मचारी बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के ही विधायक डॉ. अजय कुमार ने लिखा है कि ठेकेदारो, जेई और एई से दो लाख से लेकर दस लाख तक की वसूली की जा रही है। ये वसूली महेंद्र सिंह को रिश्वत के तौर पर दी जा रही है। सिंह ने कहा कि बीजेपी के ही क्षेत्रीय संयोजक अरविंद सचान से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर करोड़ों के भ्रष्टाचार की विभागीय जांच की बात कही है। इसके साथ ही संजय सिंह ने इस मामले में राज्य मंत्री महेंद्र सिंह को देश के किसी भी कोने में खुली बहस की चुनौती दी है। साथ ही मामले में सीबीआई जांच की भी मांग की है। मैं नहीं छोडूंगा संजय सिंह ने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मामले की जांच सीबीआई से नहीं करवाएंगे या हाईकोर्ट मॉनिटर्ड एसआईटी मामले को नहीं देखती मैं चुप नहीं बैठूंगा। मैं लोकायुक्त से शिकायत करूंगा और इसके खिलाफ एफआईआर करवाऊंगा। उन्होंने मामले की शिकायत कोर्ट में करने की भी चेतावनी दी है सिंह ने कहा कि लोगों के घरों में पहुंचने वाले पानी की चोरी का काम जो सरकार कर रही है वो मैं नहीं होने दूंगा और इन लोगों को किसी भी हाल में नहीं छोडूंगा। रिपोर्ट का नहीं पता आप के यूपी प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि अब मै राज्यमंत्री महेंद्र सिंह को चैलेंज करता हूं कि देश के किसी भी कोने या चौराहे पर जहां चाहें अपने कागजों के साथ आएं में अपने कागजों के साथ आऊंगा और पूरी मीडिया के सामने दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। उन्होंने कहा कि मैंने अयोध्या में मंदिर की जमीन खरीदने में घोटाले का भी मामला उठाया था। जब हमने ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर घोटाले का खुलासा किया, तो बोले एसआईटी बना दी है 10 दिन में जांच रिपोर्ट आ जाएगी। लेकिन आज तक उस रिपोर्ट का पता नहीं चला। हमने मंत्री सतीश द्विवेदी के भ्रष्टाचार का खुलासा किया लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। 8 लाख का वेंटिलेटर 22 लाख में खरीदा गया उससे भी संबंधित कागज हमने दिए लेकिन आज तक उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अब जब मैने जल जीवन मिशन के महाघोटाले को उजागर किया है तो मंत्री मीडिया के सामने झूठे और गलत कागजों का हवाला देकर ब्लैक लिस्टेड कंपनी रश्मि मैटलिक के एजेंट की तरह वकालत करते नजर आ रहे है।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद फिर आएंगे लखनऊ, ट्रेन से जाएंगे अयोध्या

संवाददाता/अरमान उलहक

लखनऊ। भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक बार फिर उत्तर प्रदेश की राजधानी अदब व तहजीब की नगरी नवाबों के शहर लखनऊ आ रहे हैं। इस बार राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद लखनऊ से अयोध्या तक प्रेसिडेंशियल ट्रेन से सफर करेंगे। वह रामलला के दर्शन करने अयोध्या भी जाएंगे। लखनऊ से अयोध्या की दूरी एक सौ पैतीस किलोमीटर है यह दूरी भारत की प्रेसिडेंशियल ट्रेन 2:20 घंटे में तय करेगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से रेलवे बोर्ड चेयरमैन सुनीत शर्मा को प्रेसिडेंशियल ट्रेन को लेकर दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। राष्ट्रपति का पहले तीन दिवसीय संभावित कार्यक्रम 27 से 29 अगस्त तक था। मगर अब राष्ट्रपति 26 अगस्त को चार दिवसीय यात्रा पर तहजीब की नगरी लखनऊ आएंगे। 27 अगस्त को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के कार्यक्रम में शामिल होंगे। राष्ट्रपति 28 अगस्त को गोरखपुर जाएंगे, वहां आयुष विश्वविद्यालय का शिलान्यास और गोरक्षनाथ विश्वविद्यालय में अस्पताल भवन का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश के राजभवन में ठहरेंगे।

मधुबनी हलचल

शिक्षकों से बोरी बिछवाने के आदेश शिक्षा अधिकार अधिनियम का उल्लंघनः मशकूर आलम

मधुबनी। कटिहार के शिक्षक का सर पर बोड़ा रख कर बेचने का वीडियो वायरल होने पर विभाग ने आदेश जारी कर विगत वर्षों के मिड डे मील का खाली बोरा बेचकर उक्त राशि को शिक्षा विभाग में जमा करने को कहा गया था उक्त बातें बिहार परदेस प्रारंभिक शिक्षक संघ जिला इकाई मधुबनी के जिला अध्यक्ष मशकूर आलम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस मे कहा कि कटिहार जिले के एक शिक्षक द्वारा मिड डे मील का खाली बोरा बेचकर राशि जमा करने का आ दूरदर्शी आदेश पर संकेतिक रूप से सिर पर बोरा लेकर स्वर जनिक स्थान पर बोरा को बेचकर अपनी पीड़ा को सोशल मीडिया ट्विटर हैंडल के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया शिक्षा विभाग ने शिक्षक के इस व्यवहार को सरकार के छवि को धूमिल करने का प्रयास मानते हुए शिक्षक को निलंबित किया गया जो निंदनीय है शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक के ऊपर बिना स्पष्टीकरण दिए सीधे उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करना ऐसा साफ जाहिर करता है कि शिक्षा विभाग अपनी गलती छुपाने का प्रयास कर रही है।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

रातों-रात पिंपल्स से मिलेगा छुटकारा, लगाएं ये चीजें

बदलते लाइफस्टाइल और खान-पान की आदतों के कारण चेहरे से जुड़ी प्रॉबल्म होना आम है। पिंपल्स की समस्या बहुत से लोगों होती है। इससे छुटकारा पाने के लिए लोग कई क्रीम्स और ट्रींटमेंट को सहारा लेते है, लेकिन पिंपल्स है कि हटने का नाम ही नही लेते है। अगर किसी पार्टी या फंक्शन में जाना हो तो चेहरे पर मौजूद पिंपल्स सारे अरमानों पर पानी फेर देता है। अगर आप भी अपने पिंपल्स से 1 ही रात में छुटकारा पाना चाहते है तो इन घरेलू तरीकों को अपनाएं।

सफेद टूथपेस्ट

पिंपल्स पर 1 घंटे के लिए टूथपेस्ट लगाकर छोड़ दें। ध्यान रखें कि टूथपेस्ट जेलयुक्त हो। इसके इस्तेमाल से पिंपल्स रातों-रात दूर हो जाएगा।

स्टीम उपचार

स्टीम लेने से चेहरे की गंदगी निकल जाती है और पिंपल्स की समस्या कम हो जाती है। इसलिए समय-समय पर अपने चेहरे को स्टीम दें।

लहसुन लगाएं

लहसुन छीलकर उसे अपने पिंपल्स पर लगाएं और 5 से 7 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में चेहरे को हल्के गुनगुने पानी से धोएं।

सिरका

चेहरे को धोने के बाद सेब युक्त सिरका में पानी मिलाकर फेसवॉश बनाकर चेहरे पर लगाएं। पेस्ट को दस मिनट तक चेहरे पर लगाए रखे और बाद में चेहरा धो लें।

अंडे का सफेद भाग

अंडे को सपेद भाग उंगुली की मदद से पिंपल्स पर लगाएं। सूखने के बाद तुरंत धो दें। ऐसा दिन में चार बार करें।

टमाटर

ताजे टमाटर के जूस को अपने चेहरे पर मास्क की तरह इस्तेमाल करें। उसके बाद एक घंटे बाद चेहरे को धो दें।

संतरे के छिलके

चेहरे को गर्म पानी से धोएं। इसके बाद संतरे के छिलके को पिंपल्स पर लगाएं और रगड़ें। इससे पिंपल्स दूर होंगे और चेहरे को रोम छिद्र खुलेंगे।

अंदरूनी चोट के दर्द को राई से करें दूर

आजकल हर किसी की लाइफस्टाइल बहुत व्यस्त हो गई है। हर कोई चाहता है कि उसका काम जल्दी से निपट जाए लेकिन कई बार हड़बड़ाहट में चोट भी लग जाती है। बाहर से दिखाई देने वाली चोट के जख्म तो जल्दी भर जाते हैं लेकिन कई बार शरीर के अंदरूनी हिस्सों में भी चोट लग जाती है। जो दिखाई नहीं देती लेकिन दर्द बहुत करती हैं। कई बार तो इस चोट का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है लेकिन घरेलू इलाज से इस परेशानी से छुटकारा पाया जा सकता है। राई खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। दर्द से छुटकारा पाने के लिए राई का इस्तेमाल बेहद लाभकारी है। राई को सरसों के नाम से भी जाना जाता है।

इस तरह करें राई का इस्तेमाल

राई में एंटीऑक्सिडेंट, सेलेनियम और मैग्निश्यम भरपूर मात्रा में होते हैं। चोट लगने पर राई को पानी में भिगोकर इसका पतला पेस्ट तैयार कर लें। इसे चोट वाली जगह पर लेप कर लें। बहुत आराम मिलेगा। इसके अलावा पानी में राई के दाने उबालकर इस पानी में कॉटन का कपड़ा भिगोकर चोट वाली जगह पर थपथपाएं। ऐसा करने से दर्द बहुत कम हो जाएगा। इसके साथ ही खाने में भी राई का इस्तेमाल करें। छौक लगाने,स्वाद,अचार आदि तरीको से राई खा सकते हैं।

घबराहट होने पर लाभकारी है राई

राई के छोटे-छोटे दाने सेहत के लिए बहुत लाभकारी हैं। घबराहट होने पर हाथ की हथेलियों और पैरों के तलवों पर राई को रगड़ें। इससे बहुत आराम मिलता है।

आपके कान का वैक्स बताएगा आपको है कौन सी बीमारी

कान में बनने वाले वैक्स को सेरुमेन कहा जाता है, जो फैटी एसिड, स्कवालिन और एल्कोहल का बना होता है। इन केमिकल के कारण ही कान में मौजूद वैक्स हमारे कान को बैक्टीरिया और फंगस आदि से होने वाले कई तरह के इन्फेक्शन से बचाते हैं। कान में मौजूद वैक्स कई रंग के होते हैं, जो आपको आपकी सेहत से जुड़ी जानकारी दे सकते हैं। तो आईए जानते हैं वैक्स का कौन सा रंग देता है किस बीमारी का संकेतः-

- ग्रे कलर

यह आपके शहरों में मौजूद प्रदूषित धूल की वजह से होता है। इसके लिए घबराने की जरूरत नहीं।

- खून के धब्बों के साथ

अगर कान साफ करते समय खून आए, तो इसका मतलब है कि आपके कान के पर्दे में छेद है, जिसकी वजह से आपको ओटाईटिस हो सकती है।

- भूरा रंग

यदि आपके कान से डार्क कलर का वैक्स निकल रहा है तो इसका मतलब यह है कि आप बहुत ही ज्यादा शारीरिक तनाव में है। आपको शांत माहौल में समय बिताने की जरूरत है।

- काला रंग

काले रंग के वैक्स का मतलब है कि आपको फंगल इन्फेक्शन है। आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

- सफेद रंग

इसका मतलब है कि आपके शरीर में विटामिन और मिनरल्स खासकर कॉपर की कमी हो गई है। आपको अपनी डाइट में बीन्स और ओट्स आदि को शामिल करना चाहिए।

- दुर्गन्ध वाला वैक्स

वैक्स से दुर्गन्ध आने का मतलब है कि आपके कान के मध्य भाग में इन्फेक्शन हो गया है। इसके लिए आपको डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

- लिक्विड वैक्स

अगर आपके कान का वैक्स लिक्विड जैसा निकल रहा है तो आपके कान में इन्फ्लामेसन होने की संभावना हो सकती है। आप किसी अच्छे डॉक्टर से इस बारे में मिलें।

- सूखा वैक्स

सूखे वैक्स का मतलब होता है कि आपके शरीर में फैट की कमी हो गई है और इस वजह से आपको स्किन से जुडी बीमारियां हो सकती हैं।

ब्लैकहेड्स से लेकर स्किन टैग तक की समस्याओं को इन तरीकों से करें दूर

चेहरे या शरीर के किसी हिस्से पर मौजूद स्किन टैग, तिल, ब्लैकहेड्स, स्पॉट और मस्से आपकी सुंदरता को बिगाड़ देते है। बढ़ती उम्र के साथ-साथ इनकी गिनती भी बढ़ती जाती है। इनसे छुटकारा पाने के लिए बहुत सी लड़कियां सर्जरी या मंहगे ब्यूटी ट्रीटमेंट का सहारा लेती है लेकिन इसका अच्छा असर दिखने की बजाए कई साइड-इफैक्ट्स नजर आने लगते है। अगर आप इन समस्याओं से परेशान तो हम आपको कुछ घरेलू तरीके बताएंगे, जिनसे आप इन समस्याओं से छुटकारा पा सकते है।

-मस्से

मस्से की समस्यां को दूर करने के लिए एक सोक्ड बेंडेज पर एप्पल साइडर सिरका लगाकर हफ्ते में 2 बार मस्से पर लगाएं। इसके बाद पिमिस स्टेन की मदद से इसे निकाल दें। 1 हफ्ते में ही आपको मस्से से छुटकारा मिल जाएगा।

-स्किन टैग्स

कॉटन की मदद से लगातार दिन में 2 स्किन टैग्स पर एप्पल साइडर सिरका लगाएं। लगातार 10 दिन तक इसे लगाने से स्किन टैग्स झड़ जाएंगे।

-तिल

अनचाहें तिल से छुटकारा पाने के लिए दिन में 4 घंटे रोजाना लहसुन पीस कर लगाएं। कुछ दी दिनों में तिल गायब हो जाएंगे।

-ब्लैकहेड्स

ब्लैकहेड्स को दूर करने के लिए चेहरे पर स्टीम लेकर 5 मिनट तक शहद लगा लें। इसके बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो कर साफ करें। रोजाना 1 हफ्ते तक इसका इस्तेमाल ब्लैकहेड्स को हमेशा के लिए गायब कर देगा।

-स्पॉट

ब्लैक स्पॉट के लिए नींबू के रस को चेहरे पर लगाएं। नेचुरल ब्लीच की तरह काम करने वाला नींबू के रस आपको चेहरे के भद्दे स्पॉट से छुटकारा मिल जाएगा।

जूही चावला ने फिर जताई चिंता

हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस जूही चावला ने 5जी वायरलेस नेटवर्क टेक्नोलॉजी के खिलाफ अपनी आवाज उठाई थी। उन्होंने अपनी बात कहने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में उन्होंने कहा था इससे निकलने वाली रेडिएशन का पशु पक्षी, बच्चो- बूढ़ो और एनवायरनमेंट पर क्या असर पड़ेगा इसका अध्ययन किया जाए। जूही की इस याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने फटकार लगाते हुए खारिज कर दिया था और एक्ट्रेस पर 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। इसके बाद एक्ट्रेस ने कुछ दिन पहले अपनी याचिका भी वापस ले ली। हालांकि इस पूरे मामले पर जूही अब तक खामोश रहीं, लेकिन अब उन्होंने चुप्पी तोड़ी है। जूही ने अपने इंस्टग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने सबूत के साथ बताया है कि उन्होंने 5जी वायरलेस नेटवर्क टेक्नोलॉजी के खिलाफ क्यों याचिका दायर की थी। एक्ट्रेस ने ये भी कहा कि हमें सिर्फ सरकार की तरफ से एक सर्टिफिकेट चाहिए था कि वो ये बता दें कि इस टेक्नोलॉजी से लोगों को, बच्चों को, बूढ़ों को, पक्षियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा।

आलिया, कैटरीना और प्रियंका को लेकर फरहान बनाएंगे 'जी ले जरा'

'दिल चाहता है' और 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के बाद अगली रोड ट्रिप फिल्म एक्सेल एंटरटेनमेंट पेश करने जा रहा है। इस बार लड़कों की बजाय लड़कियां इसमें नजर आएंगी। टाइगर बेबी के साथ कॉलेब्रेट किए गए इस प्रोजेक्ट का नाम 'जी ले जरा' है जिसमें प्रियंका चोपड़ा जोनास, कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इसी के साथ, निर्माता ने एक धमाके के साथ वापसी कर ली है और यह निश्चित रूप से 2021 की सबसे बड़ी घोषणा है, जिसे जोया अख्तर, फरहान अख्तर और रीमा कागती ने लिखा है। रीमा कागती, जोया अख्तर, रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित है। जो बात इसे और भी खास बनाती है वह यह है कि यह फिल्म फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित होगी और 2023 में रिलीज होगी। इसलिए, अपनी सीट बेल्ट बांध लें, क्योंकि इस बार लड़कियों की बारी है! एक्सेल एंटरटेनमेंट की स्थापना 1999 में रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने की थी। दो दशक बाद 'जी ले जरा' की यह घोषणा, टाइगर बेबी के सहयोग से एक्सेल एंटरटेनमेंट के लिए इस माइलस्टोन का जश्न मनाने का एक सबसे रोमांचक तरीका है, क्योंकि एक और रोड ट्रिप की लोकप्रिय मांग, दर्शकों के लिए वास्तविकता में बदल जाती है!

अब 'हीरामंडी' लेकर आ रहे हैं संजय लीला भंसाली

बॉलिवुड के मशहूर डायरेक्टर संजय लीला भंसाली अपनी शानदार स्टोरी और भव्य सेट के लिए जाने जाते हैं। संजय लीला भंसाली की फिल्म जह्न में आते ही दिमाग में किले, भव्य इमारत आने लगते हैं। अब संजय लीला भंसाली नेटफ्लिक्स के लिए 'हीरामंडी' नाम की वेब सीरीज बनाने जा रहे हैं। 'हीरामंडी' पर बात करते हुए संजय लीला भंसाली ने कहा, एक फिल्म प्रोड्यूसर के रूप में 'हीरामंडी' एक शानदार यात्रा है। यह एक शानदार मील का पत्थर है। यह एक महाकाव्य है, जो लाहौर की वेश्याओं पर आधारित अपनी तरह की पहली सीरीज होगी। संजय आगे कहते हैं मैं इसे बनाने के लिए नर्वस भी हूं और एक्साइडटेड भी हूं। मैं नेटफ्लिक्स के साथ अपनी साझेदारी और 'हीरामंडी' को दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए काफी एक्साइडटेड हूं।

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
Estd. : 2011
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)
Admissions Open for Academic Year 2021-2022
F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030
www.gdjalan.edu.in